हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, शनिवार 20 जून 2026

13 शहर में चरमराई सीवरेज व्यवस्था से लोग परेशान



14 अंतराराष्ट्रीय योग दिवस की फाइनल रिहर्सल की



**खबर संक्षेप**

## नीट-यूजी परीक्षा को लेकर परीक्षा केंद्रों के बाहर धारा 163 लागू



**झज्जर।** जिलाधीश वर्षा खांगवाल ने को नीट (यूजी)2026 परीक्षा के शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत कड़े आदेश जारी किए हैं। यह परीक्षा रविवार को दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक (दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए 2 बजे से 6 बजे तक झज्जर के आठ परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। परीक्षा अवधि के दौरान सभी परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में पांच या अधिक व्यक्तियों के एकत्रित होने पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। साथ ही किसी भी प्रकार के हथियार जैसे आग्नेयास्त्र, तलवार, लाठी, बरछा, कुल्हाड़ी, गंडासी, चाकू आदि लेकर चलने पर सख्त रोक लगाई गई है, ताकि कानून व्यवस्था एवं शांति बनाए रखी जा सके और परीक्षा निर्बाध रूप से संपन्न हो।

## व्यापारी मिलन समारोह आज, प्रदेशाध्यक्ष समस्याएं सुनेंगे



**झज्जर।** हरियाणा व्यापार मंडल के प्रदेशाध्यक्ष विजयलक्ष्मी चंद गुप्ता शनिवार को स्थानीय गुरुग्राम रोड स्थित श्रीकृष्ण धर्मशाला में आयोजित व्यापारी मिलन समारोह में शिरकत करने के लिए झज्जर पहुंचेंगे। व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष केशव सिंघल ने बताया कि शाम करीब साढ़े छह बजे आयोजित इस व्यापारी मिलन समारोह में प्रदेशाध्यक्ष विजयलक्ष्मी चंद गुप्ता व्यापारियों की समस्याओं को लेकर विचार-विमर्श करेंगे तथा सरकार द्वारा व्यापारियों की हितों की किए जा रहे हैं कार्यों पर भी व्यापारियों के साथ मंथन करेंगे।

## आवाज दबाने से कमजोर होगा लोकतंत्र : सतीश

**बहादुरगढ़।** हरियाणा सरकार द्वारा आगामी सितंबर माह तक प्रदेश में धरना, प्रदर्शन एवं रैलियों पर रोक लगाने के आदेश की ऑल इंडिया यूनाइटेड ट्रेड यूनियन सेंटर (एआईयूटीयूसी) ने कड़े शब्दों में निंदा की है। एआईयूटीयूसी के जिला सचिव सतीश कुमार ने कहा कि सरकार का यह आदेश प्रदेश की मेहनतकश जनता विशेष तौर पर मजदूर-कर्मचारियों के पूरी तरह से खिलाफ है। यह अलोकतांत्रिक एवं न्याय के प्राकृतिक सिद्धांतों के विपरीत है। सरकार जनसमस्याओं का समाधान करने की बजाय आवाज उठाने के मौलिक अधिकारों पर रोक लगा रही है, जिसे किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जा सकता। उनके अनुसार हरियाणा सरकार ने धरना प्रदर्शन पर रोक लगाने का आदेश वापिस नहीं लिया तो प्रदेश के मजदूर-कर्मचारी आंदोलन लिए बाध्य होंगे।

### कड़ौधा गांव के नजदीक हुई मुठभेड़, मुख्य आरोपी संजय बिरधाना को मारीं 3 गोलियां

# विजय सैनी हत्याकांड में छह दिन के अंदर ही दूसरा आरोपी पुलिस एनकाउंटर में किया ढेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

- कुख्यात बदमाश संजय बिरधाना पर अपनी पत्नी की हत्या का भी है आरोप
- मुठभेड़ के दौरान एक एसआई की बाजू में भी गोली लगी
- साले की हत्या करने की फिराक में था आरोपी संजय

क्षेत्र के गांव दुजाना में विजय सैनी की हत्या व अपनी ही पत्नी की हत्या के मुख्य आरोपी बदमाश संजय बिरधाना शुक्रवार देर शाम पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में मारा गया। क्षेत्र के गांव कड़ौधा के नजदीक हुई इस मुठभेड़ में एक पुलिसकर्मी को भी गोली लगी है। मामले की सूचना पाकर पुलिस कमिश्नर डॉ. राजश्री सिंह अस्पताल परिसर पहुंचीं घायल पुलिसकर्मी का हाल चाल भी पूछा। बताया जा रहा है कि संजय अपने साले की हत्या की फिराक में था। बता दें कि विजय सैनी हत्याकांड में छह दिन के अंदर ही पुलिस ने दो आरोपियों को एनकाउंटर में मार गिराया है।

पुलिस कमिश्नर डॉ. राजश्री सिंह ने बताया कि आरोपी संजय पर अपनी पत्नी और दुजाना गांव में विजय सैनी की हत्या करने के संबंध में मामले दर्ज हैं। आरोपी को पकड़ने के लिए जिला पुलिस द्वारा विभिन्न टीमों को का गठन कर उसे पकड़ने का प्रयास किया जा रहा था। शुक्रवार को गुप्त सूचना के आधार पर कड़ौधा गांव पहुंची सीआईए झज्जर टीम व स्पेशल स्टाफ के साथ आरोपी संजय की मुठभेड़ हो गई। इस घटना में संजय को तीन गोलियां लगी हैं जबकि पुलिसकर्मी को एक गोली लगी है। पुलिस द्वारा इस संबंध में नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।



झज्जर। संजय बिरधाना के एनकाउंटर के बाद मौके पर जांच करते पुलिस अधिकार।

**दोनों एनकाउंटर में एक-एक पुलिसकर्मी को भी गोली लगी। 14 जून को मुठभेड़ में एसटीएफ बहादुरगढ़ यूनिट के प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश घायल हुए थे। अब 19 जून को एसटीएफ के एसआई संयम सिंह बाजू में गोली लगने से जख्मी हुए।**



झज्जर। घायल पुलिस कर्मचारी से हालचाल पूछतीं पुलिस कमिश्नर व अन्य।

### 2021 में विजय सैनी के छोटे बेटे की भी हुई थी हत्या, बड़े बेटे को भी था खतरा

क्षेत्र के गांव दुजाना में बीती 31 मई को दोपहर के उस समय सनसनी फैल गई थी, जब दिनदहाड़े बुजुर्ग व्यक्ति की गोलियां मारकर हत्या कर दी गई थी। दो मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए नकाबपोश बदमाशों ने एक के बाद एक छह से सात राउंड फायर किए थे। जिसकी बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई थी। मृतक की पहचान करीब 65 वर्षीय विजय सैनी पुत्र रत्न सिंह के तौर पर की गई थी। विजय सैनी बिजली निगम से सेवानिवृत्त थे। बता दें कि इससे पहले वर्ष 2021 में मृतक के छोटे बेटे की भी हत्या कर दी गई थी और उनके बड़े बेटे को भी खतरा था।



विजय सैनी।

### हत्या से लेकर दो एनकाउंटर

- 31 मई को विजय सैनी की दुजाना में की थी हत्या
- 14 जून को आरोपी इंद्रपाल को दुजाना गांव के खेतों में एनकाउंटर कर ढेर किया था
- 19 जून को अब कड़ौधा में मुख्य आरोपी संजय मारा गया

### संजय बिरधाना का राइट हैंड था इंद्रपाल



बता दें कि क्षेत्र के दुजाना गांव के खेतों में 14 जून को देर रात स्पेशल टास्क फोर्स के साथ मुठभेड़ में विजय सैनी हत्याकांड का आरोपी इंद्रपाल मारा गया था। मुठभेड़ के दौरान एसटीएफ के इंस्पेक्टर राकेश भी गोली लगने से घायल हो गए थे। इंद्रपाल संजय बिरधाना का राइट हैंड बताया जा रहा था। अब उसके गुरु को भी पुलिस ने ढेर कर दिया।

## आसंडा में रात को गोली चलने से युवक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

- गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हुआ मनजीत
- घायल को उपचार के लिए रोहतक के निजी अस्पताल में करवाया भर्ती

क्षेत्र के गांव आसंडा में शुक्रवार रात गोली चलने की घटना से सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार गांव के ही एक युवक मंजीत को गोली लग गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजन और ग्रामीण उसे तत्काल उपचार के लिए रोहतक के एक निजी अस्पताल में ले गए, जहां उसका इलाज चल रहा है। अभी घायल की हालत के बारे में कोई सूचना सामने नहीं आई है। बताया जा रहा है कि अभी घायल युवक का ऑपरेशन थिएटर में ही उपचार चल रहा है। गोली चलने की सूचना मिलते ही आसौदा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के साथ-साथ प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ कर रही है। फिलहाल गोली चलने के कारणों और हमलावरों के बारे में स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही पूरे घटनाक्रम का खुलासा हो सकेगा। पुलिस मामले के सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। वहीं, जिले में लगातार गोलीबारी की खबरें सामने आने से तनाव और दहशत का माहौल बना हुआ है। ज्यादातर मामलों में आपसी रंजिश में खून बहाया जा रहा है।

### एनएचआरसी के विशेष पर्यवेक्षक का दौरा

## सड़क पर मिले नवजात को सरकारी शिशु गृह भेजा

- बालकृष्ण गोयल ने जांच अधिकारी की फाइल में त्रुटियां मिलने पर नाराजगी जताई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

पिछले दिनों सड़क पर मिले अज्ञात शिशु की जांच के लिए राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के विशेष पर्यवेक्षक बालकृष्ण गोयल ब्रह्मशक्ति संजीवनी अस्पताल में पहुंचे।

डॉ. महेंद्र सुखीजा ने बताया कि चार दिन का शिशु अब स्वस्थ व सुरक्षित है तथा दूध पीने लगा है। उन्होंने मौके पर उपस्थित जांच अधिकारी की फाइल में त्रुटियां मिलने पर नाराजगी भी जताई। वहीं अस्पताल द्वारा बच्चे की देखभाल से संतुष्ट दिखाई दिए। किशोर न्याय अधिनियम की जानकारी नहीं होने तथा पुलिस द्वारा नामित किशोर कल्याण अधिकारी द्वारा इस केस को न संभालने पर भी उन्होंने आपत्ति जताई। जिला बाल कल्याण समिति द्वारा अस्पताल को लिखित आदेश न देना, पुलिस द्वारा शिशु के प्रति संवेदनहीनता और दूरभाष पर सारी औपचारिकताएं करने आदि पर उन्होंने नाराजगी जताई। इस मौके पर अस्पताल निदेशक डॉ. नितिन शर्मा, महिला थाना प्रभारी नीलम, सेक्टर-9 चौकी प्रभारी रणदीप तथा जांच अधिकारी प्रवीण उपस्थित रहे। गोयल ने तुरंत जिला बाल संरक्षण यूनिट के अधिकारियों से बात कर नवजात शिशु को सरकारी शिशु गृह में स्थानांतरित करवाया। दो साल से कम उम्र के बच्चे को 60 दिन तक प्रतीक्षा समय में रखना होता है। उसके बाद दत्तक प्रक्रिया के लिए वह योग्य होता है।



बच्चे को देखते बालकृष्ण गोयल।

## जहांगीरपुर आईटीआई में लगा रोजगार मेला, 33 विद्यार्थी किए शार्ट लिस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

गांव जहांगीरपुर के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में शुक्रवार को प्रधानाचार्य अनिल दलाल के मार्गदर्शन में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में बहादुरगढ़ की इंडस एप्लायंस कंपनी ने भाग लेकर प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के अवसर प्रदान किए। आईटीआई में लगे रोजगार मेले में कुल 51 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।

कंपनी द्वारा साक्षात्कार एवं चयन प्रक्रिया के बाद 33 छात्र-छात्राओं को अप्रेंटिसशिप एवं प्लेसमेंट के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया। चयनित अभ्यर्थियों को जल्द ही कार्य ग्रहण कराया जाएगा। इस अवसर पर प्रशिक्षण प्रभारी रविंद्र कुमार, देवेंद्र शर्मा, प्रदीप कुमार, बलराज सिंह व धीरज सहित संस्थान के अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। प्रधानाचार्य अनिल दलाल ने चयनित छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संस्थान युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए लगातार प्रयासरत है।



बहादुरगढ़। रोजगार मेले के दौरान मौजूद स्टाफ।

## एचपीवी टीकाकरण के प्रति ग्राम प्रधानों को किया जागरूक

**झज्जर।** जिले में एचपीवी टीकाकरण अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से बीडीपीओ कार्यालय मातनहेल में ब्लॉक के ग्राम प्रधानों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य 9 से 14 वर्ष आयु वर्ग की पात्र बालिकाओं का शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने के लिए जन-जागरूकता बढ़ाना रहा। स्वास्थ्य विभाग की ओर से डिप्टी सिविल सर्जन डॉक्टर बसंत दुबे, डॉक्टर सुनीता तंवर और डॉक्टर करण उपस्थित रहे, जबकि एचएलएफपीपीटी की ओर से मनीषा सक्सेना सहित अन्य टीम सदस्य शामिल हुए। डॉक्टर सुनीता तंवर ने बताया कि एचपीवी वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम में प्रभावी है और यह सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। डॉक्टर बसंत दुबे ने कहा कि यह टीका सुरक्षित है तथा डब्ल्यूएचओ द्वारा अनुमोदित है। उन्होंने लोगों से सोशल मीडिया पर फैल रही भ्रामक जानकारियों से बचने की अपील की। बैठक में ग्राम प्रधानों ने अपने-अपने गांवों में अभियान को सफल बनाने और अधिकतम बालिकाओं के टीकाकरण के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।



## सीएम फ्लाइंग ने किया मातनहेल नागरिक अस्पताल का निरीक्षण

- बायोमेट्रिक अटेंडेस, ओपीडी रजिस्टर व ड्यूटी रोस्टर जांचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

शुक्रवार को सीएम फ्लाइंग, स्वास्थ्य विभाग एवं गुप्तचर विभाग की संयुक्त टीम द्वारा मातनहेल स्थित नागरिक अस्पताल का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल की व्यवस्थाएं एवं कार्यप्रणाली संतोषजनक पाई गई। जानकारी के अनुसार टीम सुबह करीब सवा आठ बजे अस्पताल पहुंची और दोपहर लगभग सवा दो बजे तक विभिन्न व्यवस्थाओं की गहन जांच की।

इस दौरान बायोमेट्रिक उपस्थिति, ओपीडी रजिस्टर, स्टाफ ड्यूटी रोस्टर तथा अन्य महत्वपूर्ण रिकार्ड का निरीक्षण किया गया। संयुक्त टीम में सीएम फ्लाइंग की ओर से उप निरीक्षक रामनिवास, गुप्तचर विभाग से अरुण तथा स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर अचल त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी शामिल रहे। बताया जा रहा है कि टीम ने अस्पताल में मौजूद मरीजों और उनके परिजनों से भी बातचीत कर स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में फीडबैक लिया।



झज्जर। निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर में उपस्थित टीम के सदस्य।

**सख्ती** मकानों के आगे बने अवैध रैंप, चबूतरे व जालियों पर होगी कार्रवाई

# सेक्टरों में अवैध निर्माण और अतिक्रमण पर चलेगा एचएसवीपी का बुलडोजर

कब्धाधारकों को अलग-अलग नोटिस नहीं देंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर के विभिन्न सेक्टरों में बढ़ते अतिक्रमण और अवैध निर्माणों पर अब हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) सख्त कार्रवाई की तैयारी में है। सेक्टरों को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए एचएसवीपी द्वारा जल्द ही विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिसके तहत सार्वजनिक भूमि, ग्रीन बेल्ट और मकानों के सामने किए गए अवैध कब्जों को हटाया जाएगा। विभाग ने स्पष्ट कर दिया है कि इस अभियान के लिए अलग-अलग नोटिस जारी नहीं किए जाएंगे और सीधे कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

दरअसल, एचएसवीपी के अधिकांश सेक्टरों में लोगों ने मकानों के सामने अवैध रैंप, चबूतरे, लोहे की जालियां और अन्य स्थायी निर्माण कर सार्वजनिक स्थानों पर कब्जा कर रखा है। इसके अलावा ग्रीन बेल्ट और सड़क किनारे की जमीन पर भी अतिक्रमण के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। इससे न केवल सेक्टरों की मूल संरचना प्रभावित हो रही है, बल्कि यातायात और आम नागरिकों की सुविधाओं में भी बाधा उत्पन्न हो रही है। सार्वजनिक स्थानों और सड़कों पर किए गए अवैध निर्माणों को हटाने के संबंध में उच्च न्यायालय के स्पष्ट निर्देश हैं। इसे देखते हुए प्राधिकरण की टीम जल्द ही सेक्टरवार निरीक्षण कर ऐसे सभी अवैध निर्माणों को चिन्हित करेगी। इसके बाद जेसीबी और अन्य मशीनों की सहायता से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

### सेक्टरों में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा कब्जा : विजय राठी



एचएसवीपी के संपदा अधिकारी विजय राठी का मानना है कि सेक्टरों की सुंदरता और सुव्यवस्थित स्वरूप बनाए रखने के लिए सार्वजनिक स्थानों को अतिक्रमण मुक्त रखना जरूरी है। सार्वजनिक भूमि पर किसी भी प्रकार का निजी कब्जा स्वीकार नहीं किया जाएगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। विभाग द्वारा चलाए जाने वाले इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रीन बेल्ट और सार्वजनिक क्षेत्रों को उनके मूल स्वरूप में बहाल करना है, ताकि आम नागरिकों को उनका पूरा लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि हाईकोर्ट के आदेशों की अनुपालना में यह कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए अलग-अलग नोटिस जारी नहीं किए जाएंगे। रेजिडेंट स्वयं ही अपने अवैध निर्माण और अतिक्रमण हटा लें, ताकि किसी प्रकार की नुकसानदायक कार्रवाई से बचा जा सके।


## एशियाई स्पर्धा के लिए तैराक सरेना क्वालीफाई, बैंकॉक में दिखाएंगी दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

हरियाणा के गुरुग्राम की 12 वर्षीय तैराक सरेना ने बैंकॉक में आयोजित होने वाली 12वीं एशियाई एज ग्रुप चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर लिया है। हरियाणा तैराकी संघ के प्रधान सांसद धर्मबीर सिंह ने सरेना को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है। सरेना ने क्वालीफिकेशन ट्रायल्स के दौरान अपने आयु वर्ग में देश के सर्वश्रेष्ठ परिणाम दर्ज किए। बैकस्ट्रोक इवेंट्स में उनका प्रदर्शन लाजवाब रहा। सरेना ने 50 मीटर बैकस्ट्रोक में 30.67 सेकेंड और 100 मीटर बैकस्ट्रोक में 1:06.63 मिनट का समय दर्ज किया। हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन और स्विमिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष अनिल खत्री ने सरेना को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद और शुभकामनाएं दी हैं। उनके अनुसार हरियाणा के तैराक बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं। सरेना के प्रदर्शन पर सभी की निगाहें टिकी रहेंगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि वह थाईलैंड में नए कीर्तिमान स्थापित करेंगी।



बहादुरगढ़। सरेना सरोहा को बधाई देते अनिल खत्री।




# अब शादीशुदा और बच्चों का बाप है रैंचो : हिरानी

**मुंबई।** करीब 17 साल बाद '3 इडियट्स'के सीक्वल पर आधिकारिक काम शुरू हो चुका है। खुद राजकुमार हिरानी ने इस प्रोजेक्ट को लेकर खुलकर बात की है। आमिर खान भी कहानी सुन चुके हैं और ओरिजिनल स्टार कास्ट के वापस आने की उम्मीद है। राजकुमार हिरानी ने एक बातचीत में बताया कि वह अपने लंबे समय के राइटिंग पार्टनर अभिजात जोशी के साथ मिलकर सीक्वल की कहानी और स्क्रिप्ट पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभी इस प्रोजेक्ट पर काफी काम बाकी है। हिरानी के मुताबिक, इस बार कहानी वहीं से आगे बढ़ेगी, जहां से पहली फिल्म खत्म हुई थी, लेकिन करीब 15-20 साल बाद। यानी अब तीनों दोस्त शादीशुदा हैं और उनके बच्चे भी हैं। वे अपनी जिंदगी के मिड-लाइफ क्राइसिस से गुजर रहे हैं। इस बार कहानी कॉलेज में नहीं होगी, क्योंकि अब वक्त और जिंदगी दोनों बदल चुके हैं।

लाइफ Style

# श्रद्धा

## ईथा में फिर छोड़ा अदाकारी का असर

एजेंसी ⏭ मुंबई

सबसे पसंदीदा एक्ट्रेसेस में से एक श्रद्धा कपूर अपनी आने वाली फिल्म 'ईथा' में अपनी परफॉर्मेंस से फैंस को इंप्रेस करने के लिए तैयार हैं। लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बन रही यह फिल्म महाराष्ट्र की मशहूर तमाशा और लावणी कलाकार विठाबाई भाऊ मांग नारायणगांवकर की जिंदगी पर आधारित है।

यह फिल्म 1940 से 1990 के दशक तक की कहानी दिखाएगी, जिसमें उनके मशहूर होने का सफर और उनके संघर्ष शामिल होंगे। फिल्म की पहली झलक दिख गई है। इस बायोपिक का पहला टीजर 19 जून को शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना की फिल्म 'कॉकटेल 2' के साथ सिनेमाघरों में दिखाया गया। जैसे ही फिल्म का पहला शो शुरू हुआ, दर्शकों को श्रद्धा की एक हैरान करने वाली और नई झलक देखने को मिली। टीजर में वह लावणी डांसर के रोल में शानदार लग रही थीं। 'ईथा' का टीजर मशहूर लावणी कलाकार विठाबाई नारायणगांवकर की जिंदगी के सबसे यादगार पलों में से एक को दिखाता है। श्रद्धा कपूर पहले ही सीन से इस किरदार में पूरी तरह ढल जाती हैं और इस मशहूर कलाकार की मजबूती और हिम्मत को बखूबी दिखाती हैं। टीजर में विठाबाई को बहुत ज्यादा प्रेग्नेंट होने के बावजूद पूरे जोश और लगन के साथ स्टेज पर परफॉर्म करते हुए दिखाया गया है। टीजर में, परफॉर्मेंस के दौरान उन्हें एहसास होता है कि वह बच्चे को जन्म देने वाली हैं। शो को बीच में न छोड़ने का पक्का इरादा करते हुए, वह शांत रहती हैं और बैकस्टेज जाती हैं, जहां वह बच्चे को जन्म देती हैं। हिम्मत की एक अनोखी मिसाल पेश करते हुए, विठाबाई पत्थर से गर्भनाल काटती हैं और अपनी परफॉर्मेंस पूरी करने के लिए वापस स्टेज पर आ जाती हैं।



हॉलीवुड मसाला



# भारत में रिलीज होगी डोरेमोन की यह फिल्म

**लॉस एंजिल्स।** कॉर्टून की दुनिया का सबसे लोकप्रिय किरदार डोरेमोन अब जल्द भारतीय सिनेमाघरों में दस्तक देने वाला है। फिल्म 'डोरेमोन द मूवीः न्यू नोबिता एंड द कैसल ऑफ द अंडरसी डेविल' इस साल देशभर में रिलीज होने जा रही है। गुरुवार को मेकर्स ने फिल्म का पोस्टर जारी कर फैंस के साथ यह जानकारी साझा की। फिल्म का प्रमोशन 20 जून से शुरू होने वाले पॉप कल्चर फेस्टिवल में किया जाएगा। मेकर्स ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा करते हुए बताया कि इस फिल्म को हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषाओं में रिलीज किया जाएगा।




# आज के बच्चों को आईना दिखाती है टॉय स्टोरी 5

**मुंबई।** कभी गुड्डे-गुड़ियों की शादी कराते, तो कभी घंटों खिलौनों के साथ एक नई दुनिया बुनते बच्चों के हाथों में जब से फोन और टैबलेट आए हैं, तब से खिलौनों से उनका नाता बहुत कम हो गया है। बाहर निकलकर खेलना, असली दोस्त बनाना कितना अहम है, यह बेहद खूबसूरती से दिखाती है 31 वर्षों से चल रही एनिमेटेड एडवेंचर कॉमेडी टॉय स्टोरी सीरीज की पांचवीं फिल्म टॉय स्टोरी 5। कहानी है बौनी (स्कार्लेट स्पीयर्स) की जो खिलौनों से तो खूब खेलती है, लेकिन दोस्त नहीं बना पाती है। उसके माता-पिता उसके लिए लिलीपैड (ग्रेटा ली) डिवाइस यानी टैबलेट ले आते हैं, जिस पर बौनी के डांस क्लास के दोस्त ऑनलाइन बनते हैं। बौनी अपने खिलौने से दूर हो जाती है।



# एक्टर हेनरी के साथ नजर आईं सारा

**मुंबई।** गुरुवार की शाम हॉलीवुड और बॉलीवुड का शानदार संगम देखने को मिला। जब 'सुपरमैन'फेम एक्टर हेनरी कैविल और बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान की मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुईं। दोनों कलाकार एक लग्जरी वॉच ब्रांड के इवेंट में शामिल हुए। इवेंट में पटौदी खानदान की युवा राजकुमारी सारा अली खान अपने शाही अंदाज में नजर आईं। सारा ने इवेंट से कई तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम पर शेयर कीं। सारा ने इस खास इवेंट के लिए मोनोक्रोमैटिक आइवरी आउटफिट चुना। इसके साथ उन्होंने अपनी खूबसूरती और शालीनता का बेहतरीन मेल पेश किया। उनके लुक में एक तरफ जहां विंटेज चार्म था वहीं दूसरी तरफ आधुनिक भव्यता भी नजर आई। उन्होंने रिच टेक्सचर वाले ट्वीड-स्टाइल फैब्रिक से बनी स्ट्रक्चर्ड मिडी-लेंथ शीथ ड्रेस पहनी थी।



# 18 महीने तक नहीं देंगे कोई इंटरव्यू

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह इन दिनों 'डॉन 3' को लेकर चल रहे विवाद के कारण सुर्खियों में हैं। खबरों के मुताबिक, रणवीर ने एक बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने तय किया है कि वह अगले 18 महीनों तक किसी भी तरह का इंटरव्यू नहीं देंगे और इस विवाद पर कोई बयान भी नहीं देंगे। रिपोर्ट्स के अनुसार, रणवीर ने यह बात एक ट्रेड जर्नलिस्ट से मुलाकात के दौरान खुद कही। उन्होंने साफ कर दिया कि वह 'डॉन 3' से जुड़े किसी भी सवाल पर बात नहीं करेंगे और अपनी अगली फिल्म 'प्रलय' की रिलीज तक मीडिया से दूरी बनाए रखेंगे। दरअसल, रणवीर सिंह और फिल्ममेकर फरहान अख्तर के बीच 'डॉन 3' को लेकर मतभेद हो गए थे। कहा जा रहा है कि रणवीर फिल्म की स्क्रिप्ट और बार-बार हो रही देरी से खुश नहीं थे। इसी वजह से उन्होंने फिल्म छोड़ने का फैसला लिया।

टीवी मसाला



# बाघा का रो-रोकर बुरा हाल मां को यादकर फफक पड़े

**नई दिल्ली।** पॉपुलर टीवी शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में बाघा का किरदार निभाकर मशहूर हुए तन्मय वेकारिया हाल ही सेट पर भावुक हो गए। तन्मय मां को याद कर इस कदर बिलख पड़े कि असित मोदी को शूटिंग बीच में ही रोकनी पड़ी और वह एक्टर को संभालते दिखे। सोशल मीडिया पर 'तारक मेहता...' के सेट से वीडियो सामने आया है, जिसे देख फैंस भी भावुक हो गए हैं। वीडियो में नजर आ रहा है कि तन्मय वेकारिया सीन के बीच भावुक हो गए और फूट-फूटकर रो पड़े। यह देख शो के प्रोड्यूसर असित मोदी ने उन्हें ढांढस बंधाया और संभालते दिखे। तन्मय वेकारिया एक सीन शूट कर रहे थे, जो बाघा और बावरी की लव स्टोरी से जुड़ा था। लेकिन, जैसे ही कैमरा रोल होना शुरू हुआ, तन्मय भावुक हो गए। दरअसल, तन्मय वेकारिया की मां उन्हें बाघा के रोल में बेहद पसंद करती थीं, पर हाल ही उनका निधन हो गया। फिलहाल शो में बाघा और बावरी की लव स्टोरी का ट्रैक दिखाया जा रहा है, जिसे दर्शक खूब पसंद कर रहे हैं। लेकिन, तन्मय इस दुख को बर्दाश्त नहीं कर पा रहे कि अब उनके लिए दर्शकों के इस प्यार और बाघा के रूप में उन्हें देखने के लिए मां दुनिया में नहीं है, और वह रोने लगे। तन्मय वेकारिया का हाल देख सेट का माहौल गम में बदल गया और हर किसी की आंखें नम हो गईं। शूटिंग भी रोक दी गई। असित मोदी के अलावा 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के प्रोड्यूसर्स और बाकी टीम तन्मय वेकारिया के पास जाकर उन्हें संभालने लगी। इसके बाद तन्मय ने अपनी मां से जुड़ी कई प्यारी यादें साझा कीं और बताया कि कैसे वह 'बाघा' वाले हर एपिसोड को देखने का बेसब्री से इंतजार करती थीं।


## माता-पिता का करें सम्मान : इमरान

मुंबई। छोटे पर्दे के मशहूर कलाकार के तौर पर अभिनेता इमरान खान को जाना जाता है। फादर्स डे के खास अवसर को मद्देनजर रखते हुए इमरान ने आज के समय में बच्चों को अनुसान सिखाने और माता-पिता सम्मान को लेकर चर्चा की है। धारावाहिक जगधात्री में महेश देशमुख की भूमिका निभाने वाले अभिनेता इमरान खान कहते हैं- बतौर पिता मैं अपने बच्चों से सम्मान और अनुशासन की उम्मीद करता हूं। बच्चों को अपने माता-पिता को सम्मान देना ही चाहिए। यह मैं खासतौर पर आज की जेन जी पीढ़ी के लिए कहना चाहता हूं। हर माता-पिता अपने बच्चों को पालने के लिए बहुत मेहनत करते हैं। इसलिए, माता-पिता को उल्टे जवाब देना और सम्मान न करना मुझे नहीं पसंद है। माता-पिता को भी अपने बच्चों को बचपन से ही ये चीजें सिखानी चाहिए। मैंने देखा है कि कुछ माता-पिता अपने बच्चों को बहुत लाड-प्यार देते हैं, लेकिन उन्हें लोगों का सम्मान करना और तमीज सिखाना भूल जाते हैं।



# धमाल 4 का नया गाना कहर रिलीज, गुरु रंधावा ने लगाया तड़का

**मुंबई।** इस साल की एक और अवेटेड फिल्म 'धमाल 4' के ट्रेलर और हाल ही में रिलीज हुए जबरदस्त गाने 'चटनी' के बाद, 'धमाल 4' के मेकर्स ने अब एक और नया गाना 'कहर' रिलीज किया है। मजा कई गुना बढ़ाने वाला यह गाना सभी को एनर्जी और एंटरटेनमेंट से भरपूर एक जबरदस्त म्यूजिकल सफर पर ले जाता है। गाने में 'धमाल 4' की कास्ट के साथ गुरु रंधावा ने टीमअप किया है और गजब के पंजाबी वाइब्स दे रहे हैं। इस गाने को गुरु रंधावा ने गाया है और इसके बोल और संगीत गिल मचराई, रोनी अजनाली और गुरु रंधावा ने दिए हैं। संजॉय के प्रोड्यूस और अरेंज किए गए इस गाने में दर्शकों को एक मजेदार सफर पर ले जाया जाता है, जिसमें 'धमाल बॉयज' गुरु के रंग में रंगे हुए, अपने सबसे अनोखे अंदाज में और पीयूष व शाजिया के कोरियोग्राफ किए गए अपने जबरदस्त हुक स्टेप के साथ खूब धमाल मचाते हुए नजर आते हैं। इस गाने में एक्ट्रेस केतिका शर्मा भी एक स्पेशल अपीयरेंस में दिखाई देती हैं। हर उम्र के लोगों के लिए जबरदस्त मनोरंजन का वादा करते हुए, 'धमाल 4' में अजय देवगन, अरशद वारसी, रितेश देशमुख, जावेद जाफरी और संजय मिश्रा जैसे दमदार कलाकार एक साथ नजर आएंगे।




# वैष्णो देवी के दरबार में पहुंचे अक्षय, लिया माता का आशीर्वाद

**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल'को लेकर चर्चाओं में हैं। इस बीच हाल ही में अक्षय फिल्म की रिलीज से पहले माता वैष्णो देवी के दरबार में पहुंचे। अक्षय ने त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित इस पवित्र मंदिर में माथा टेका और आशीर्वाद लिया। मंदिर परिसर में अभिनेता को देखते ही वहां मौजूद फैंस ने उन्हें घेर लिया। इस दौरान अक्षय कुमार पारंपरिक सफेद कुर्ता पहने नजर आए। सोशल मीडिया पर भी अक्षय के कई वीडियो सामने आए हैं, जिसमें फैंस उनके साथ सेल्फी लेने की कोशिश करते नजर आ रहे हैं। मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए जाने से पहले कुमार यात्रा के बेस कैंप कटरा पहुंचे। अधिकारियों ने बताया कि मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए जाने से पहले अक्षय यात्रा के बेस कैंप कटरा पहुंचे। एक्टर के आने से श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों में काफी उत्साह देखा गया। कई लोग फिल्म स्टार की एक झलक पाने की उम्मीद में रास्ते में और मंदिर परिसर में जमा हो गए। अधिकारियों ने बताया कि कुमार ने पवित्र गुफा मंदिर में दर्शन किए और लौटने से पहले कुछ समय पूजा-अर्चना में बिताया। अहमद खान द्वारा निर्देशित 'वेलकम टू द जंगल' में अक्षय कुमार समेत 34 कलाकार प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। इनमें अक्षय कुमार के साथ सुनील शेट्टी, दिशा पाटनी, जैकलीन फर्नांडिस, रवीना टंडन, लारा दत्ता, अरशद वारसी, तुषार कपूर, श्रेयस तलपड़े, आफताब शिवदासानी और जैकी श्रॉफ समेत कई अन्य नाम शामिल हैं। यह फिल्म 26 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।



वेलकम टू द जंगल की रिलीज से पहले अक्षय ने लिया वैष्णो देवी का आशीर्वाद

## आकाश हैं, धूप में छांव हैं, जब टूट जाओ तो हिम्मत हैं पिता

# पिता-पुत्र के रिश्ते पर बनी हैं ये फिल्में, दर्शकों के दिलों को जीतने में रहीं कामयाब

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

'पिता सिर्फ एक रिश्ता नहीं है, वह एक भरोसा होना चाहिए, जो तुम्हें यकीन दिलाए कि अगर पूरी दुनिया भी तुम्हारे सामने खड़ी हो जाए न तो तुम लड़ लोगे!' यह डायलॉग है शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' का। फिल्म में यह संवाद नयनतारा बोलती हैं। और, सही मायने में यह फिल्म में कह देने भर की बात नहीं है, बल्कि जिंदगी की हकीकत है। पिता आकाश हैं। धूप में छांव हैं। जब टूट जाओ तो पिता हिम्मत हैं। निर्माता-निर्देशकों ने भी इस रिश्ते की खूबसूरती को पर्दे पर दिखाने की कोशिश की है।

### जवान

शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' में भी बाप-बेटे की कहानी है। फिल्म में शाहरुख पिता और पुत्र की दोहरी भूमिका में हैं। फिल्म का ये डायलॉग खूब हिट हुआ है, 'बेटे को हाथ लगाने से पहले बाप से बात कर!' अभिनय के मामले में भी शाहरुख का पिता के रूप में विक्रम राठौर का किरदार कहीं ज्यादा पसंद किया गया।

### गदर 2

फिल्म 'गदर 2' बाप-बेटे के रिश्ते पर आधारित है, जहां पिता के रूप में सनी देओल अपने बेटे (उत्कर्ष शर्मा) के लिए पाकिस्तान तक पहुंच गए। जीते (उत्कर्ष शर्मा) जब पाकिस्तान में फंस जाता है, तो वह पाकिस्तानी फौजी अफसर से कहता है, 'दुआ कर कि मेरा बाप यहां ना आए। अगर मेरा बाप यहां आ गया, तो तेरे इतने टुकड़े करेगा, इतने टुकड़े करेगा...' वहीं तारा सिंह भी भले ही घर में जवान बेटे पर हाथ उठा देता हो, लेकिन बेटे के मुसीबत में फंस जाने पर सारे खतरे उठाकर पाकिस्तान चल पड़ता है। इससे पहले बाप से अक्सर नाराज रहने वाला बेटा भी अपने पिता को तलाशने की खातिर दुश्मन मुल्क पाकिस्तान में जाने का जोखिम उठाता है। फिल्म में एक और भावुक कर देने वाला संवाद है, जब जीते एक जगह कहता है, 'जिसके ऊपर पिता का साया है, उसे फिक्र करने की क्या जरूरत!'




### ओएमजी 2

*फिल्म 'ओएमजी 2' भी पिता-पुत्र की कहानी पर आधारित है, जिसमें एक पिता अपने मासूम बेटे के लिए कोर्ट तक जाता है। फिल्म में दिखाया गया कि जब नाबालिग बेटा अपना वीडियो वायरल होने के चलते परेशानी में था और सारी दुनिया उसके खिलाफ थी, तब उसके बाप ने ही उसका पूरी मजबूती से साथ दिया। यही नहीं, वह अपने बेटे की खातिर अपना सब कुछ दांव पर लगाकर सारी दुनिया से भिड़ने से भी नहीं हिचकिचाया।*

**टाइगर 3:** सलमान खान की फिल्म 'टाइगर 3' भी बाप-बेटे की कहानी कहती है। फिल्म में सलमान खान का एक संवाद है, 'मेरे बेटे को मैं नहीं, इंडिया बोलेगा कि उसका बाप क्या था? गद्दार या देशभक्त! जिंदा रहा तो आपकी खिदमत में फिर हाजिर नहीं तो जय हिंद'! यह फिल्म भी पिता-पुत्र के रिश्ते पर बनी है।

**एनिमल :** रणबीर कपूर की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'एनिमल' भी इस लिस्ट में शामिल है। इसमें रणबीर के पिता की भूमिका में अनिल कपूर नजर आए। अनिल कपूर को एक ऐसे सख्त पिता की भूमिका में दिखाया गया, जो अपने बेटे को किसी लायक नहीं समझता। हालांकि, बाद में फिल्म एक भावुक मोड़ लेती है। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई।

**102 नॉट आउट:** अमिताभ बच्चन और ऋषि कपूर की ये फिल्म भी बाप-बेटे के रिश्ते पर बनी है। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन ने 102 साल की उम्र के पिता को रोल निभाया था, जबकि दिवंगत एक्टर ऋषि कपूर इसमें 75 साल के उनके बेटे की भूमिका में दिखाई दिए थे। फिल्म में बाप-बेटे की बेहतरीन केमिस्ट्री देखने को मिली। इस फिल्म का निर्देशन उमेश शुक्ला ने किया था।

**पा :** साल 2009 में अमिताभ, अभिषेक और विद्या बालन अभिनीत फिल्म 'पा' ने सिनेमा जगत के कई रिकाड्र्स तोड़े जब प्रोजेरिया से पीड़ति बेटे का किरदार निभाया अमिताभ बच्चन ने और उसके पिता का किरदार खुद उनके बेटे अभिषेक ने निभाया। एक बेहद मार्मिक कहानी जो 13 साल के एक बीमार बच्चे की है। इसमे साहस और आत्मविश्वास कूट-कूट कर भरा है। आर बाल्की ने इस फिल्म में पिता और पुत्र के एक अनोखे रिश्ते को दर्शाया है जो एक- दूसरे के बहुत अच्छे दोस्त है।

**खबर संक्षेप**

### मदद के लिए भटक रहा पीड़ित परिवार

**बहादुरगढ़।** आधुनिक औद्योगिक संपदा के पार्ट टू की फैक्ट्री में बायलर ब्लास्ट हादसे में मारे गए श्रमिक शैलेश के परिजनों को को अब तक कोई आर्थिक मदद नहीं मिली है। पीड़िता अमृता ने भाजपा नेता जसबीर सैनी से मिलकर मदद की गुहार लगाई है। सैनी ने आश्वस्त किया कि पीड़ित परिवार की हर संभव मदद की जाएगी।

### एमडीयू कंप्यूटर अवेयरनेस लेवल-3 की परीक्षा 25 को

**रोहतक।** एमडीयू रोहतक ने यूजी कार्यक्रमों (कॉमन फॉर ऑल स्ट्रीम्स) के लिए कंप्यूटर अवेयरनेस (लेवल-III) छठे सेमेस्टर (नियमित/री-अपीयर) परीक्षा जून-2026 की थ्योरी डेटशीट जारी कर दी है। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि कंप्यूटर अवेयरनेस (लेवल-III) वेब डिजाइनिंग विषय (पेपर आईडी-62536) की परीक्षा 25 जून 2026 को प्रातः 9:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक आयोजित की जाएगी।

### स्कॉर्पियो की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

**खरखौदा।** गढ़ी सिसाना में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की टक्कर से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के बेटे की शिकायत पर अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोहित ने पुलिस को बताया कि उसके पिता जयभगवान लंबे समय से बैसाखी के सहारे चलते थे।

## शहर के कई क्षेत्रों में जलभराव की समस्या आने-जाने वालों के लिए बनी सिरदर्द

# शहर में चरमराई सीवरेज व्यवस्था बदबूदार माहौल से लोग परेशान

**मंडी मोहल्ले की गली में पिछले पंद्रह दिनों से पानी ओवरफ्लो होकर बह रहा सड़क पर**



झज्जर। सिलानी गेट के पास बाजार में सड़क के बीचों-बीच रिसता सीवरेज का मेनहॉल। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

**सिटी पल्स**

शहर की सीवरेज व्यवस्था इन दिनों चरमराई हुई है। विभिन्न गली-मोहल्लों और प्रमुख बाजारों में सीवरेज जाम होने तथा लीकेज के कारण गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे लोगों का आवागमन प्रभावित हो रहा है। लोगों को बदबूदार माहौल में रहने को मजबूर होना पड़ रहा है। शहरवासियों ने जिला प्रशासन से समस्या के समाधान की मांग की है। मंडी मोहल्ला स्थित एक गली में पिछले करीब पंद्रह दिनों से सीवरेज का पानी ओवरफ्लो होकर सड़क पर बह रहा है। इसी गली में एक महिला महाविद्यालय भी स्थित है, जहां अध्ययनरत सैकड़ों छात्राओं को रोजाना गंदे और बदबूदार पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ता है। गली में दो स्थानों पर सीवरेज लीकेज की समस्या बनी हुई है। मौहल्लावासी सविता गुलिया व कमला देवी आदि ने बताया कि एक पखवाड़े से यह समस्या बनी हैं। सुबह पेयजल सप्लाई के दौरान स्थित और अधिक गंभीर हो जाती है। सीवरेज से निकलकर दूषित पानी सड़क पर फैल जाता है। सप्लाई जाने के बाद पानी का रिसाव कम होता है। घर के सामने रिसते सीवरेज के कारण वे पूरा दिन बदबूदार माहौल में रहने को मजबूर हैं। इसी प्रकार सिलानी गेट की ओर जाने वाले बाजार में भी सीवरेज से लगातार दूषित पानी निकल रहा है। दुकानदारों को पूरे दिन दुर्गंध का सामना करना पड़ रहा है। भट्टी गेट क्षेत्र में कई माह बीतने के बाद भी सीवरेज व्यवस्था पूरी तरह सुचारू नहीं हो पाई है। बेरी गेट, कानूनगो मोहल्ला और डिफेंस कॉलोनी सहित कई क्षेत्रों में भी ऐसी ही स्थिति बनी हुई है। शहरवासियों का कहना है कि यदि जल्द प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो बरसात के मौसम में स्थिति और गंभीर हो सकती है। लोगों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग से सीवरेज व्यवस्था को दुरुस्त कर समस्या से राहत दिलाने की मांग की है।

### गंदे पानी का नहीं हो रहा स्थायी समाधान



दिल्ली गेट निवासी उमेद सिंह ने कहा कि बार-बार शिकायतों के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो रहा है। गंदा पानी सड़कों पर बहने से लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। कर्मचारी कई बार औपचारिकता पूरी करके चले जाते हैं।

### स्वास्थ्य पर पड़ रहा प्रतिकूल असर



शहरवासी नीतिश सिंघल का कहना है कि सीवरेज व्यवस्था की अनदेखी के कारण लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। इससे बीमारी का खतरा भी बना है। गर्मी के मौसम में बदबू और मच्छरों की समस्या और बढ़ जाती है।

### बाजार में ग्राहकों को हो रही परेशानी



सिलानी गेट क्षेत्र के दुकानदार महावीर प्रसाद ने बताया कि सीवरेज लीकेज के कारण बाजार में ग्राहकों को परेशानी होती है। दुर्गंध से व्यापार भी प्रभावित हो रहा है। यह समस्या शहर के विभिन्न स्थानों पर है। समाधान होना चाहिए।

## हृदय गति रुकने से लीडिंग फायर मैन की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। बिजेंद्र का फाइल फोटो।

स्थानीय फायर ब्रिगेड कार्यालय में लीडिंग फायर मैन के रूप में कार्यरत कर्मचारी की हृदय गति रूकने से मौत हो गई। मृतक की पहचान करीब 46 वर्षीय बिजेंद्र पुत्र जयभगवान निवासी कबूलपुर के तौर पर हुई है। जानकारी के अनुसार बिजेंद्र पिछले कई वर्षों से जिले में सेवाएं दे रहा था और कच्चा बादली रोड स्थित डाबरा मंदिर के नजदीक मकान में रहता था। शुक्रवार की सुबह करीब छह बजे उसके सीने में अचानक तेज दर्द उठा और जब तबीयत अधिक बिगड़ी तो परिजन उसे उपचार के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले के जांच अधिकारी नवीन ने बताया कि मृतक के पुत्र पवीत के बयान पर इत्तिफाकिया कार्रवाई अमल में लाई गई है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।



बहादुरगढ़। एसआईआर को लेकर अधिकारियों से चर्चा करते इनेलो के पदाधिकारी।

## एसआईआर को लेकर इनेलो प्रतिनिधिमंडल ने की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

इनेलो का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को चुनाव कार्यालय पहुंच और मौजूद अधिकारियों के साथ एसआईआर को लेकर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान बूथ लेवल एजेंट, गणना प्रपत्र, बूथ मैपिंग सहित मतदाता सूची से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया। प्रतिनिधिमंडल में इनेलो जिला शहरी अध्यक्ष रामनिवास सैनी, एडवोकेट विपिन प्रधान, मास्टर सुखबीर सरोहा, पूर्व पार्षद शशि कुमार, राज सिंह वर्मा व सुरेंद्र कौशिक सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। रामनिवास सैनी ने कहा कि इनेलो द्वारा हलके के प्रत्येक बूथ एजेंट नियुक्त किए गए हैं, जो पूरी सक्रियता के साथ अपने दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं।



झज्जर। गुरुकुल महाविद्यालय में विद्यार्थियों को जागरूक करती पुलिस टीम।

## गुरुकुल के विद्यार्थियों को पुलिस टीम ने बताए नशे के दुष्प्रभाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शुक्रवार को प्राचीन गुरुकुल महाविद्यालय में नशा मुक्ति टीम द्वारा जागरूक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें एएसआई पवन कुमार की टीम ने विद्यार्थियों को नशे की लत से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा उन्हें नशे से दूर रहकर स्वस्थ एवं अनुशासित जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा विद्यार्थियों को डायल-112 की आपातकालीन सेवा, साइबर अपराधों से बचाव, ऑनलाइन ठगी के सामान्य तरीकों तथा सोशल मीडिया का सुरक्षित एवं जिम्मेदारी से उपयोग करने के संबंध में भी जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार की आपात स्थिति या साइबर धोखाधड़ी की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

### कार रुकवा युवक को पीटा 3 हजार रुपये भी निकाले

**रोहतक।** सड़क पर रास्ता देने को लेकर हुआ मामूली विवाद एक युवक के लिए भारी पड़ गया। आरोप है कि कार से घर लौट रहे युवक का रास्ता रोककर तीन युवकों ने उसके साथ मारपीट की और इसी दौरान कार के डैशबोर्ड में रखी नकदी भी निकाल ली। सिविल लाइन थाना पुलिस को दी शिकायत में प्रेम नगर निवासी पीयूष खुराना ने बताया कि 14 जून को शाम करीब 4:15 बजे वह अपनी कार से घर लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में निलेश और उसके दो अन्य साथियों ने अपनी गाड़ी लगाकर उसका रास्ता रोक लिया। पीयूष के अनुसार जब उसने आरोपियों से वाहन हटाने और रास्ता देने के लिए कहा तो वे भड़क गए। आरोप है कि तीनों ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान निलेश ने उसकी कार के डैशबोर्ड में रखे 3 हजार रुपये निकाल लिए।



झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देती डीसी वर्षा खांगवाल।

## शत प्रतिशत कार्य पूरा करने वाले बीएलओ होंगे सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

जिले में चल रहे मतदाता सूची के एसआईआर अभियान के तहत एनुमरेशन फार्म वितरण कार्य को तेजी से पूरा किया जाए, ताकि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल हो सके और कोई भी योग्य मतदाता इस प्रक्रिया से वंचित न रहे। यह निर्देश शुक्रवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी हरियाणा की वीसी के उपरांत आयोजित बैठक में डीसी वर्षा खांगवाल ने अभियान से जुड़े अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय सीमा में शत-प्रतिशत कार्य पूरा करने वाले बीएलओ को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से प्रपत्र वितरण कार्य की प्रगति की जानकारी लेते हुए आपसी समन्वय से कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

## घर-घर पहुंचकर मतदाताओं को फॉर्म वितरित कर रहे बीएलओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा एसआईआर अभियान के तहत शहर में मतदाताओं तक पहुंच बनाने का कार्य लगातार जारी है। शुक्रवार को शहर के वार्ड नंबर-13 में संबंधित बूथों के बीएलओ ने घर-घर जाकर मतदाताओं को एसआईआर के फॉर्म वितरित किए और उन्हें प्रक्रिया की जानकारी दी।

अभियान के तहत बूथ नंबर-150 के बीएलओ मंजीत, बूथ नंबर-151 की बीएलओ कविता शर्मा, बूथ नंबर-152 के बीएलओ कार्तिक कौशिक, बूथ नंबर-153 के बीएलओ अजित सिंह तथा बूथ नंबर-155 के बीएलओ हरीश ने अपने-अपने क्षेत्र में मतदाताओं के घर पहुंचकर फॉर्म वितरित किए। इस दौरान बीएलए-2 पवन तथा पूर्व पार्षद वजीर सिंह राठी ने भी सहयोग करते हुए बीएलओ को क्षेत्र के मतदाताओं के घरों से परिचित कराया और अभियान को सफल बनाने में मदद की। साथ ही मतदाताओं को समय पर फॉर्म भरकर जमा कराने के लिए भी जागरूक किया गया। बीएलओ टीम ने बताया कि अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक सटीक और अद्यतन बनाना है, ताकि सभी पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में सही रूप से दर्ज हो सके। इसके लिए घर-घर संपर्क कर मतदाताओं को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है।



बहादुरगढ़। वार्ड नंबर-13 में फॉर्म वितरित करते बीएलओ। फोटो : हरिभूमि

## वैश्य कॉलेज में नशे के खिलाफ ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में 17 जून को शुरू हुआ नशामुक्ति सप्ताह 26 जून को संपन्न होगा। इस अभियान के दौरान वर्चुअल माध्यम से नशामुक्ति की सामूहिक शपथ दिलाई गई। छात्राओं ने गूगल फॉर्म के माध्यम से ऑनलाइन प्रतिज्ञा भी ली।

महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने कहा कि युवा पीढ़ी राष्ट्र की अमूल्य धरोहर है। उन्हें नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहकर अपने जीवन को सार्थक एवं सफल बनाना चाहिए। उन्होंने छात्राओं से नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों द्वारा योगाभ्यास किया गया। नशामुक्ति सेल की संयोजिका डॉ. शालू शर्मा ने कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार, शिक्षा तथा सामाजिक जीवन को प्रभावित करता है। उन्होंने सभी छात्राओं से स्वयं नशामुक्त रहने तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आग्रह किया। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में 30 से अधिक छात्राओं ने भाग लिया। छात्राओं ने नशामुक्ति विषय पर प्रभावशाली एवं प्रेरक स्लोगन प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता के परिणाम 26 जून को आयोजित समापन समारोह में घोषित किए जाएंगे। इसके अलावा छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर में मानव श्रृंखला बनाकर नशे से दूर रहने का संदेश दिया।



बहादुरगढ़। छात्राओं को नशे से दूर रहने की सलाह देती प्रिंसिपल डॉ. राजवंती शर्मा। फोटो : हरिभूमि

### वेयरहाउस से विदेशी शराब की 280 पेटियां गायब

**गन्नौर।** शहर के एक वेयरहाउस से महंगी विदेशी शराब की 280 पेटियां गायब होने का मामला सामने आया है। शिकायत मिलने पर गन्नौर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कंपनी प्रबंधन ने प्राथमिक जांच के आधार पर किसी कर्मचारी की संलिप्तता की आशंका जताई है। महाप्रबंधक ब्रजेश सक्सेना ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गन्नौर स्थित वेयरहाउस में कार्यरत हैं, जहां विभिन्न कंपनियों का सामान भंडारित किया जाता है। उन्होंने बताया कि उनके एक ग्राहक की विदेशी शराब भी वेयरहाउस में रखी गई थी। कंपनी की निर्धारित प्रक्रिया के तहत प्रत्येक माह एक से 10 तारीख के बीच स्टॉक का सत्यापन किया जाता है।

## लघु सचिवालय में चल रही प्रदर्शनी का नागरिकों ने किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में लघु सचिवालय परिसर स्थित अंत्योदय सरल केंद्र में चल रही प्रदर्शनी आमजन के लिए सरकार की विकासात्मक उपलब्धियों का केंद्र बिंदु बनी हुई है। इस प्रदर्शनी में विभिन्न विभागों द्वारा केंद्र सरकार की जनहितैषी योजनाओं, विकास कार्यों, नवाचारों एवं उपलब्धियों को आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया गया है। सरकारी कामकाज के लिए लघु सचिवालय आने वाले नागरिकों, विद्यार्थियों, महिलाओं, युवाओं एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। डीसी वर्षा खांगवाल ने कहा कि इस प्रदर्शनी का उद्देश्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना तथा पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरूक करना है।




झज्जर। लघुसचिवालय में चल रही प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए नागरिक।

### डेयरी मोहल्ले में संदिग्ध हालात में दंपति की मौत

**रोहतक।** डेयरी मोहल्ला में शुक्रवार को एक दर्दनाक घटना ने पूरे इलाके को झकझोर दिया। वर्षों से अलग रह रहे पति-पत्नी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुरानी सब्जी मंडी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। शुरुआती जानकारी के अनुसार, दोनों के बीच लंबे समय से पारिवारिक विवाद चल रहा था। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतकों की पहचान करीब 55 वर्षीय राजीव और उनकी पत्नी करीब 50 वर्षीय शालिनी के रूप में हुई है। दंपती के दो बच्चे हैं। बताया जा रहा है कि पिछले छह-सात वर्षों से दोनों अलग-अलग रह रहे थे। शालिनी बच्चों के साथ दिल्ली में रहती थीं, जबकि राजीव डेयरी मोहल्ला स्थित अपने घर में अकेले रह रहे थे।

**दो जरूरतमंदों के जीवन में रोशनी ला सकता है नेत्रदान : सीएमओ**

## उपलब्धि: जिले में मोतियाबिंद के हुए 10877 ऑपरेशन

**हजारों मरीजों की जांच कर निःशुल्क चश्में उपलब्ध कराए जा चुके**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। चश्मा वितरण के दौरान उपस्थित डीसी वर्षा खांगवाल व सीएमओ डॉक्टर मंजू कादियान (फाइल फोटो)।

स्वास्थ्य विभाग ने नेत्र स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए हजारों लोगों के जीवन में रोशनी लौटाने का कार्य किया है। सीएमओ डॉक्टर मंजू कादियान ने बताया कि वर्ष 2019-20 से 2025-26 तक जिले में 10,877 मोतियाबिंद सर्जरी सफलतापूर्वक की गई हैं। इसी अवधि में जहां 29,082 से अधिक जरूरतमंद नागरिकों को रीडिंग ग्लासेस वितरित किए गए हैं वहीं 6,167 लोगों ने नेत्रदान संकल्प पत्र भरकर जागरूकता का परिचय दिया है। इसके अलावा 28 नेत्रदान भी संपन्न हुए हैं। भारत सरकार के दृष्टि कार्यक्रम के अंतर्गत झज्जर को चयनित जिलों में शामिल किया गया है। कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में 50 हजार रीडिंग ग्लासेस वितरित करने का लक्ष्य रखा गया है। स्वास्थ्य विभाग, एम्स नई दिल्ली और सहयोगी संस्थाओं के प्रयासों से हजारों लाभार्थियों की दृष्टि जांच कर उन्हें निःशुल्क चश्में उपलब्ध कराए जा चुके हैं। उन्होंने नागरिकों से नियमित नेत्र जांच कराने और नेत्रदान का संकल्प लेने की अपील करते हुए कहा कि नेत्रदान दो जरूरतमंद व्यक्तियों के जीवन में रोशनी ला सकता है। डॉक्टर मीनू ने बताया कि समय पर आंखों की जांच, संतुलित आहार तथा मधुमेह और उच्च रक्तचाप पर नियंत्रण से अधिकांश नेत्र रोगों की रोकथाम संभव है।

## गेमिंग की लत ने बनाया छात्र को शातिर अपराधी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

मोबाइल पर शुरू हुआ ऑनलाइन गेमिंग का शौक कब अपराध की दुनिया का रास्ता बन गया, इसका अंदाजा खुद आरोपी के परिवार को भी नहीं था। बीकॉम प्रथम वर्ष का छात्र पहले ऑनलाइन गेमिंग में लाखों रुपये गंवाता रहा और फिर नुकसान की भरपाई के लालच में विदेशी अपराधियों के नेटवर्क से जुड़ गया। पुलिस ने ऐसे ही एक युवक को दो विदेशी हथियारों और आठ कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। एसपी गौरव राजपुरोहित ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान जनता कॉलोनी निवासी कृत के रूप में हुई है। अपराध शाखा की टीम ने उसे उस समय काबू किया जब वह हथियारों की खेप सप्लाई करने जा रहा था। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक चाइनीज पिस्तौल, एक अन्य विदेशी हथियार और आठ जिंदा कारतूस बरामद किए गए। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी ऑनलाइन गेमिंग में भारी रकम हार गया था। परिवार से यह बात छिपाने के दौरान वह विदेश में बैठे एक ऑपरेटर के संपर्क में आ गया। धीरे-धीरे उसे हथियारों की सप्लाई का काम सौंपा गया। पुलिस के अनुसार एक खेप पहुंचाने के बदले उसे करीब एक लाख रुपये तक मिलते थे, जिससे वह तेजी से इस नेटवर्क का हिस्सा बनता चला गया।

**ग्राम दहकोरा, खंड बहादुरगढ़, जिला झज्जर (हरियाणा)**

**नीलामी सूचना**

**GOVT. PRIMARY SCHOOL CHHUDANI (13007) Jhajjar.**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि झज्जर जिले के छुड़ानी गांव में स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला छुड़ानी की जर्जर इमारत की नीलामी 23 जून 2026 को सुबह 11:30 बजे स्कूल परिसर में आयोजित की जाएगी। इसकी शुरुआती कीमत 1,97,700/- (एक लाख सत्तानवे हजार सात सौ रुपये) तय की गई है। नीलामी के नियम और शर्तें इस प्रकार हैं:-

1. प्रत्येक बोली दाता को जिला शिक्षा अधिकारी के नाम पर 10,000/- रुपये का डिमांड ड्राफ्ट टोकन के रूप में देना होगा।
2. कुल कीमत का 10 प्रतिशत स्कूल के मुख्याध्यापक के नाम पर डिमांड ड्राफ्ट के रूप में देना होगा।
3. नीलामी के बाद सभी मलबा एक महीने के भीतर हटाना होगा और नीलामी स्थल को समतल करना होगा, अन्यथा उपरोक्त राशि जब्त कर ली जाएगी। उपरोक्त सुरक्षा राशि बोली दाता को स्कूल के मुख्याध्यापक से स्वीकृति प्राप्त होने के बाद ही वापस की जाएगी।
4. अतिरिक्त नियम व शर्तें मौके पर ही बताई जाएंगी।

Head Teacher
राजकीय प्राथमिक स्कूल छुड़ानी (झज्जर)
संपर्क सूत्र: 9728260777

## डीसी वर्षा खांगवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की फाइनल रिहर्सल में दिखा जोश, तैयारी पूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

जिले में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग युक्त हरियाणा-नशा मुक्त हरियाणा और योगा फॉर हेल्दी एजिंग थीम के साथ पूरे जोश और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम के चलते रोडवेज वर्कशाप में शुक्रवार सुबह योग दिवस की फाइनल रिहर्सल आयोजित हुई। जिसमें स्कूली बच्चों, योग साधकों एवं नागरिकों ने भाग लिया। डीसी वर्षा खांगवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर रिहर्सल कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर रविवार को रोडवेज वर्कशॉप परिसर में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद सुभाष बराला मुख्यातिथि होंगे।

उन्होंने बताया कि जिला के अलावा ब्लॉक स्तर पर कुल सात स्थानों पर योग दिवस के भव्य कार्यक्रम आयोजित होंगे। जन-जन तक योग का संदेश पहुंचाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने बीते कई दिनों से पूर्वाभ्यास शिविर, जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। जिससे जिले में योग दिवस को लेकर उत्साह देखा जा रहा है।


झज्जर। फाइनल रिहर्सल में योगाभ्यास करते हुए डीसी वर्षा खांगवाल। फोटोः हरिभूमि


बहादुरगढ़। रिहर्सल के दौरान योगाभ्यास करवाते योग सहायक निशा कल्याण, कमल रंजन, मयंक और रेनू। फोटोः हरिभूमि

### योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया

बहादुरगढ़। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर शुक्रवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में योग प्रोटोकॉल की फाईनल रिहर्सल हुई। एसडीएम अभिनव सिवाच के निर्देशानुसार कार्यक्रम का शुभारंभ तहसीलदार सुदेश मेहरा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। नोडल अधिकारी डॉ. नीलम पवार ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन को लेकर अंतिम तैयारियों के तहत यह रिहर्सल आयोजित की गई। कार्यक्रम में महिलाओं एवं बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा उन्हें योग के महत्व, नियमित योगाभ्यास के लाभ और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के बारे में जानकारी दी गई। रिहर्सल के दौरान प्रतिभागियों ने योग प्रोटोकॉल के अनुसार विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। इस अवसर पर योग सहायक निशा कल्याण, मयंक रंजन, रेनू, कमल, सुनील, उषा, ज्योति आदि उपस्थित रहे।


बहादुरगढ़। सेक्टर-9 में योगाभ्यास करते बीआरजी के सदस्य। फोटोः हरिभूमि

## बीआरजी प्वाइंट पर योग सप्ताह महोत्सव मनाया

# बीआरजी के सदस्यों ने किया योग-प्राणायाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

*सभी नागरिकों से अपनी दैनिक दिनचर्या में योग को शामिल करने का आह्वान*

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप द्वारा सेक्टर-9 स्थित बीआरजी प्वाइंट पर योग सप्ताह महोत्सव मनाया जा रहा है। इसमें शहर के लोगों को योग एवं प्राणायाम के माध्यम से स्वस्थ जीवन का संदेश दिया जा रहा है।

बीआरजी के संयोजक दीपक छिल्लर ने बताया कि इसके तहत 21 दिन, 21 सूर्य नमस्कार अभियान भी चलाया जा रहा है। ग्रुप सदस्य 1 जून से 21 जून तक प्रतिदिन वर्चुअली 21 बार सूर्य नमस्कार कर रहे हैं। योग विशेषज्ञ प्रवीन सांगवान ने प्रतिभागियों को योग के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि योग की सहायता से स्मरण शक्ति बढ़ती है और मानसिक एकाग्रता में सुधार होता है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपनी दैनिक दिनचर्या में योग को शामिल करने का आह्वान किया। शिविर में कर्नल संत कुमार, भगत सिंह, विजय सिंह, दीपक गुलिया, सागर ओहल्यान, जगजीत राठी, अनिल पंतेजा, सुनील, दीपक छिल्लर, सुरेंद्र बेनीवाल, रेखा बेनीवाल, प्रिंस, विकास छिल्लर, यश जून, प्रवीन, लक्की, जगदीश राठी, वेरोनिका, धर्मवीर, अजय, अनुराग सुमन, योगेश दहिया, सुचेत शौकीन, दिनेश पांचाल, शैफाली, सुमन, प्रीति, किरण, विनीता, शर्मिला, संतोष, निधि, विनय, पवन, मिलन आर्य, नवीन, अजय छिल्लर, संसार कुंडू व गुलाब सिंह आदि ने योगाभ्यास किया।

## योग दिवस के सफल आयोजन के लिए बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़


योग दिवस की तैयारियों को लेकर निर्देश देते एसडीएम अभिनव सिवाच।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर एसडीएम अभिनव सिवाच ने शुक्रवार को लघु सचिवालय में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक ली।

बैठक में योग दिवस कार्यक्रम की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को समयबद्ध तरीके से सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसडीएम अभिनव सिवाच ने कहा कि योग युक्त नशा मुक्त थीम के साथ 21 जून को डॉ भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम में योग दिवस मनाया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम स्थल पर प्रतिभागियों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक प्रबंध समय रहते पूरे किए जाएं ताकि योग दिवस का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

उन्होंने कहा कि कार्यक्रम स्थल पर पेयजल, बैठने की उचित व्यवस्था, स्वच्छ शौचालय, साफ-सफाई, चिकित्सा सहायता, एंबुलेंस, विद्युत व्यवस्था, पार्किंग तथा सुरक्षा संबंधी सभी प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। इसके अलावा प्रतिभागियों के लिए योग मैट, ध्वनि विस्तारक प्रणाली (साउंड सिस्टम) तथा आवश्यक तकनीकी सुविधाओं की भी व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। बैठक में आयुष विभाग से डॉ नीलम पवार ने योग दिवस आयोजन को लेकर तैयारियों की जानकारी दी। इस अवसर तहसीलदार सुदेश मेहरा, एसीपी दिनेश कुमार, ईओ संजय रोहिल्ला, बीईओ शेर सिंह, यूएचबीवीएन से एसडीओ विक्की गहलावत आदि मौजूद रहे।

# योग में न्यूरो-लिंग्विस्टिक प्रोग्रामिंग की महत्वपूर्ण भूमिका

## योगा तथा एनएलपी का समन्वय जीवन में ला सकता है महत्वपूर्ण बदलाव

*शारीरिक तथा मानसिक एक ही सिक्के के पहलू*

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

**एनएलपी कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर प्रियंका पूनिया ने योग में एनएलपी की भूमिका पर प्रकाश डाला**


प्रियंका पूनिया

न्यूरो-लिंग्विस्टिक प्रोग्रामिंग (एनएलपी) का योग में प्रयोग कर के तनाव तथा अवसाद को नियंत्रित किया जा सकता है। एनएलपी कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर प्रियंका पूनिया ने योग में एनएलपी की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इससे सकारात्मक सोच के लिए दिमाग को रिवायर किया जा सकता है। प्रियंका पूनिया के अनुसार एनएलपी बेस्ड वक्तव्य में माइंड टफनेस, स्ट्रेस मैनेजमेंट, नशामुक्ति, लीडरशिप, व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास तथा पब्लिक स्पीकिंग पर जोर दिया जाता है। असंख्य सैनिकों, प्रोफेसर्स, अधिकारी, कर्मचारी, कोआपरेट, महिलाओं तथा बच्चों के जीवन में बदलाव ला चुकी प्रियंका ने बताया कि एनएलपी एक मनोवैज्ञानिक संचार तकनीक है। इसके जरिए आपके सोचने के तरीके, भाषा और व्यवहार के पैटर्न को समझकर सुधारा जाता है। हम योग में ध्यान के समय एनएलपी के प्रयोग से आत्मविश्वास बढ़ा सकते हैं। नकारात्मक विचारों या पुरानी असफलताओं के डर से बाहर निकल सकते हैं। दूसरों के साथ मजबूत रिश्ते बना सकते हैं तथा अपनी बात को प्रभावी ढंग से समझ सकते हैं। प्रियंका की मानें तो एनएलपी के अभ्यास से जीवन के लक्ष्यों प्राप्ति, डर तथा फोबिया (डर) को नियंत्रित किया जा सकता है। एनएलपी की कई विधियों के तहत एंकरिंग में हम श्वास को, किसी शारीरिक हरकत, किसी खुश्बू या ध्वनि से किसी अनुभव या याद को ट्रिगर करने के लिए प्रयोग करते हैं। इसमें हम अपनी 5 इंद्रियों में से किसी का प्रयोग कर सकते हैं। मिररिंग से बातचीत को सहज बनाने तथा समझने के लिए सामने वाले व्यक्ति के हाव-भाव या बोलने के तरीके से तालमेल बैठाया जाता है। योगा में श्वास को एंकर बनाकर वर्तमान में अपना ध्यान ला सकते हैं। यह विधि आपको भूतकाल के प्रायश्चित या ग्लानि तथा भविष्य की चिंता से बाहर निकालती है। बार-बार स्वयं से वार्ता करके अपने अवचेतन मन को सकारात्मक संदेश दे सकते हैं। जब आप योगा में ध्यान क्रियायें करते हैं, तब इसका प्रयोग कर सकते हैं। एक सकारात्मक सेल्फ टॉक आत्मविश्वास देती है। पूनिया के अनुसार शारीरिक तथा मानसिक एक ही सिक्के के पहलू हैं। जब आप एक को एक्टिवेट करते हैं तो दूसरा अपने आप ही एक्टिवेट हो जाता है। इसलिए योगा तथा एनएलपी का समन्वय जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव ला सकता है।

## सिलानी में लगा जांच शिविर



झज्जर। वर्ल्ड मेडिकल कॉलेज रिसर्च एंड हॉस्पिटल गिरावड़ द्वारा क्षेत्र के गांव सिलानी में शुक्रवार को स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अस्पताल के मेडिसिन विभाग, सर्जरी, नेत्र रोग, ईएनटी, हड्डी रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के चिकित्सकों ने सेवाएं दीं। बड़ी संख्या में लोगों ने शिविर में पहुंच कर अपनी स्वास्थ्य जांच कराई। इस दौरान चिकित्सकों द्वारा जरुरतमंद लोगों में जहां नि:शुल्क दवाओं का वितरण किया वहीं उन्हें स्वास्थ्य की देखभाल संबंधी आवश्यक परामर्श भी दिया गया। चिकित्सकों ने शिविर में पहुंचे लोगों को लू से बचने के उपायों संबंधी जानकारी भी दी। कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के डॉक्टर रजत गुप्ता व डॉक्टर शिवम सिंह ने बताया कि संस्थान के संस्थापक डॉक्टर नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर के दौरान लोगों को स्वास्थ्य की उचित देखभाल से भी अवगत कराया गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

## प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

शहर के फुटवियर क्लस्टर में शुक्रवार को प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के शुभारंभ एवं प्रोत्साहन राशि वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया, जिसमें रोजगार सृजन और औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया।

- **एफडीआई में हुए कार्यक्रम में विधायक राजेश जून ने मुख्यअतिथि के रूप में की शिरकत**

कार्यक्रम में विधायक राजेश जून मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की यह योजना युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने तथा उद्योगों को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि बहादुरगढ़ प्रदेश का प्रमुख औद्योगिक केंद्र है और यहां की उद्योग इकाइयों को इस योजना का व्यापक लाभ मिलेगा।

इस अवसर पर सहायक भविष्य निधि आयुक्त विजय सिंह तथा क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त केशव प्रताप सिंह चौधरी भी मौजूद रहे। उन्होंने उद्योग प्रतिनिधियों को योजना के प्रावधानों, पात्रता शर्तों तथा इससे मिलने वाले लाभों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि योजना का उद्देश्य नए रोजगारों को बढ़ावा देना और औपचारिक क्षेत्र में अधिक से अधिक कर्मचारियों को शामिल करना है। कार्यक्रम में बहादुरगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष सुभाष जग्गा सहित शहर के अनेक उद्यमी उपस्थित रहे। उद्योगपतियों ने योजना का स्वागत करते हुए कहा कि इससे उद्योगों को कुशल मानव संसाधन उपलब्ध होगा और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री के संबोधन का सीधा प्रसारण दिखाया गया तथा योजना के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई।


बहादुरगढ़। पात्रों को प्रमाण पत्र बांटते विधायक राजेश जून।

## दसवीं कक्षा के मूक-बधिर बच्चों का शत-प्रतिशत परिणाम


बहादुरगढ़। उत्तीर्ण विद्यार्थियों व स्टाफ के साथ नवीन देशवाल। फोटोः हरिभूमि

बहादुरगढ़। राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के परिणाम में नक्षत्र स्पेशल स्कूल के सभी मूक-बधिर दिव्यांग विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। रूद्र प्रताप सिंह ने 86 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, बलराम ने 84.20 के साथ दूसरा स्थान और सोनू ने 82.6 फीसद अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। संस्था अध्यक्ष नवीन देशवाल के अनुसार स्कूल के मूक-बधिर दिव्यांग विद्यार्थियों की इस सफलता ने सिद्ध कर दिया है कि उचित मार्गदर्शन, समर्पित शिक्षण एवं सकारात्मक वातावरण मिलने पर विशेष आवश्यकता वाले बच्चे भी अनेक उपलब्धियां प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को बधाई देते हुए मिठाई खिलाई।

## जनसहभागिता बढ़ाने के लिए डीसीपी मयंक मिश्रा ने समाजसेवी संस्थाओं के साथ की बैठक

# अपराध पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस और पब्लिक में समन्वय बेहद जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

पुलिस और आमजन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से बहादुरगढ़ में पुलिस-पब्लिक कोऑर्डिनेशन बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता डीसीपी मयंक मिश्रा ने की। इसमें विभिन्न सामाजिक एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने सुझाव एवं विचार साझा किए। बैठक के दौरान क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने, यातायात व्यवस्था में सुधार, महिला सुरक्षा, साइबर अपराधों से बचाव, नशामुक्ति अभियान, युवाओं की सकारात्मक भागीदारी तथा पुलिस और समाज के बीच बेहतर संवाद जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित प्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों से जुड़े सुझाव रखते हुए पुलिस और समाज के संयुक्त प्रयासों से जनहित के कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने पर बल दिया। इस दौरान डीसीपी मयंक मिश्रा ने कहा कि पुलिस का उद्देश्य केवल कानून लागू करना ही नहीं, बल्कि आमजन के साथ विश्वास और सहयोग का मजबूत रिश्ता स्थापित करना भी है। उन्होंने कहा कि सामाजिक संस्थाओं और नागरिकों की सहभागिता से अपराधों की रोकथाम, यातायात व्यवस्था तथा सामाजिक जागरूकता अभियानों को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। उन्होंने लोगों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने तथा सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए पुलिस का सहयोग करने की अपील की।


बहादुरगढ़। बैठक में सामाजिक कार्यकर्ताओं से चर्चा करते डीसीपी मयंक मिश्रा।

### सभी प्रतिनिधियों ने अपने सुझाव साझा किए

बैठक में उपस्थित चेयरपर्सन सरोज राठी समेत सभी प्रतिनिधियों ने अपने सुझाव साझा किए, जिन पर पुलिस प्रशासन द्वारा गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया गया। बैठक में ट्रैफिक एसएचओ सतीश कुमार, सत्येंद्र दहिया, सुधीर भारद्वाज, सतीश शर्मा, नरेंद्र छिकारा, विनय गोयल, मुकेश बंसल, जसवीर जून आदि उपस्थित रहे।

## बामड़ोली में लगाया भंडारा

**दादा खेत वाले (पितरों) के सम्मान में आयोजन**

बहादुरगढ़। गांव बामड़ोली में दादा खेत वाले (पितरों) के सम्मान में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। पार्षद प्रवीण छिल्लर, संदीप छिल्लर, कुलदीप छिल्लर तथा हरवीर छिल्लर आदि ने कार्यक्रम के दौरान ने पितरों के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करते हुए पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। भंडारे में जितेंद्र छिल्लर, वीरेंद्र, कर्मवीर राठी, सत्यप्रकाश छिकारा, संजीव मलिक, ओमबीर छिकारा, राजेश तंवर, संदीप अहलावत आदि ने प्रसाद ग्रहण किया।